भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1971

दिनांक 28 **जुलाई**, 2022

पेट्रोलियम उत्पादों की औसत कीमत

1971. **श्री रामशिरोमणि वर्मा**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की औसत कीमत का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में उनकी पहले की कीमतों की तुलना में वृद्धि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) आम आदमी को राहत प्रदान करने हेतु पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क): पिछले 3 वर्षों के दौरान पेट्रोल, डीजल का औसत मूल्य और दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में कितनी बार वृद्धि/कमी की गई, इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

पिछले तीन वर्षों के लिए घरेलू एलपीजी के मूल्य **अनुलग्नक-II** में दिए गए हैं।

(ख) और (ग): पेट्रोल और डीजल के मूल्य क्रमशः 26.06.2010 और 19.10.2014 से बाजार-निर्धारित हैं। तब से, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण पर उचित निर्णय लेती हैं। देश में पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित उत्पादों के मूल्यों से जुड़े हैं। केंद्र सरकार सभी संबंधित कारकों को ध्यान में रखती है और जबकभी अपेक्षित होता है, इन उत्पादों पर उत्पाद शुल्क दरों को कैलिब्रेट करके हस्तक्षेप करती है। सरकार ने दिनांक 04 नवम्बर, 2021 से पेट्रोल और डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमश: 5 रुपए और 10 रुपए प्रति लीटर और दिनांक 22 मई, 2022 से क्रमश: 8 रुपए और 6 रुपए प्रति लीटर की कटौती की है।

इसके अलावा, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी को और अधिक किफायती बनाने के लिए, सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को एक वर्ष में अधिकतम 12 रिफिल तक प्रत्येक 14.2 कि.ग्रा. सिलिंडर पर 200 रुपए की अतिरिक्त राजसहायता की घोषणा की है।

अनुलग्नक-I

श्री रामशिरोमणि वर्मा द्वारा पूछे गए दिनांक 28 जुलाई, 2022 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1971 के भाग (ए) के "पेट्रोलियम उत्पादों की औसत कीमत" के संबंध में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष	**दिल्ली में औसत खुदरा बिक्री मूल्य (रु/लीटर)**	
	पेट्रोल	**डीजल**
2019-20	72.69	65.78
2020-21	80.84	73.58
2021-22	98.05	87.42
2022-23 (20,जुलाई तक)	100.62	92.76

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

पिछले 3 वर्षों के दौरान दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि / कमी की संख्या नीचे दी गई है:

वित्तीय वर्ष 2019 -20 का विवरण

विवरण	**पेट्रोल**	**डीजल**
वृद्धि	89	79
कमी	124	119
कोई परिवर्तन नहीं	153	168
कुल	**366**	**366**

वित्तीय वर्ष 2020 -21 का विवरण

विवरण	**पेट्रोल**	**डीजल**
वृद्धि	76	73
कमी	10	24
कोई परिवर्तन नहीं	279	268
कुल	**365**	**365**

वित्तीय वर्ष 2021 -22 का विवरण

विवरण	**पेट्रोल**	**डीजल**
वृद्धि	78	76
कमी	7	10
कोई परिवर्तन नहीं	280	279
कुल	**365**	**365**

वित्तीय वर्ष 2022 -23 का विवरण (20.07.2022 तक)

विवरण	पेट्रोल	डीजल
वृद्धि	5	5
कमी	1	1
कोई परिवर्तन नहीं	105	105
कुल	**111**	**111**

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

अनुलग्नक-II

श्री रामशिरोमणि वर्मा द्वारा पूछे गए दिनांक 28 जुलाई, 2022 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1971 के भाग (ए) के "पेट्रोलियम उत्पादों की औसत कीमत" के संबंध में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक	दिल्ली में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर रु./14.2 कि.ग्रा.
01 अप्रैल 2019	706.50
01 मई 2019	712.50
01 जून 2019	737.50
01 जुलाई 2019	637.00
01 अगस्त 2019	574.50
01 सितम्बर 2019	590.00
01 अक्तूबर 2019	605.00
01 नवम्बर 2019	681.50
01 दिसम्बर 2019	695.00
01 जनवरी 2020	714.00
01 फरवरी 2020	714.00
12 फरवरी 2020	858.50
01 मार्च 2020	805.50
01 अप्रैल 2020	744.00
01 मई 2020	581.50
01 जून 2020	593.00
01 जुलाई 2020	594.00
02 दिसम्बर 2020	644.00
15 दिसम्बर 2020	694.00
04 फरवरी 2021	719.00
15 फरवरी 2021	769.00
25 फरवरी 2021	794.00
01 मार्च 2021	819.00
01 अप्रैल 2021	809.00
01 जुलाई 2021	834.50
17 अगस्त 2021	859.50
01 सितम्बर 2021	884.50
06 अक्तूबर 2021	899.50
22 मार्च 2022	949.50
07 मई 2022	999.50
19 मई 2022	1003.00
06 जुलाई 2022	1053.00

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)